# शिविर में स्वयंसेविकाओं ने किया श्रमदान



**डीडवाना।** राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में प्रथम एक दिवसीय शिविर रविवार को आयोजित हुआ। इस मौके पर स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाओं ने साफ-सफाई की। साथ ही पेड़ों की टहनियों की कटाई का कार्य भी किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेना चाहिए।

वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने कहा कि कोई भी कार्य छोटा नहीं होता है, इसलिए जो भी कार्य करे उसे पूर्ण मनायोग के साथ करना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.चेनाराम महला ने जीवन में अनुशासन रखने की सीख दी। बौद्धिक सत्र में प्रो.भंवरलाल डूडी ने कहा कि एनएसएस जैसी सह शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निखार आता है। अन्त में डॉ. मगनलाल ढ़ाका ने सभी का आभार जताया।

Scanned with CamScanner

# किया श्रमदान, समझा सेवा का महत्व

**डीडवाना @ पत्रिका.** शहर के बांगड़ राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें तीनों इकाइयों के स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर के प्रातः कालीन सत्र में महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया। इसके तहत साफ सफाई करते हुए वृक्षों की टहनियों को काटा गया।

दोपहर बाद बौद्धिक सत्र में प्राचार्य डॉ.जहांगीर रहमान कुरैशी ने जीवन में सफलता के लिए शिक्षण के साथ सामाजिक कार्य के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.अरुण व्यास ने कहा कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता है। इसलिए प्रत्येक कार्य को पूर्ण लगन व निष्ठा से करना चाहिए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी चेनाराम महला ने विद्यार्थियों को महाविद्यालयी गतिविधियों में अग्रणी रहते हुए प्रत्येक गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। संचालन करते हुए प्रो.भंवरलाल डूडी ने कहा कि एनएसएस की सहशैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व में निखार आता है। कार्यक्रम अधिकारी मगनलाल ढाका ने कहा लक्ष्य प्राप्त करने के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता, इसलिए एकाग्रचित होकर मेहनत करनी चाहिए।



डीडवाना. शिविर के दौरान श्रमदान करते विद्यार्थी व प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर कुचामन भास्कर 30-01-2022



बांगड़ महाविद्यालय में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

# एनएसएस के तहत एक दिवसीय शिविर का किया गया आयोजन

भास्कर संवाददाता | डीडवाना

बांगड़ कॉलेज में एनएसएस के तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। प्रारम्भिक सत्र में कॉलेज के खेल मैदान में साफ-सफाई कर श्रमदान किया एवं इसी दौरान दौड़ एवं लम्बी कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस दौरान प्रतियोगिता में युवराज व केसर प्रजापत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शिविर के दूसरे भाग में बौद्धिक सत्र में प्राचार्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी ने स्वयंसेवकों को संबोधित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने स्वयंसेवकों को बताया कि सर्वप्रथम लक्ष्य निर्धारित करके अनुशासन, समय प्रबंधन एवं पूर्णमनोयोग से मेहनत करने पर लक्ष्य अवश्य प्राप्त होता है। कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत पर संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता प्रो.छोटाराम मेघवाल ने राजस्थान के साथी राज्य असम के इतिहास, कला, संस्कृति एवं भूगोल पर प्रकाश डाला।

Scanned with CamScanner

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ



**डीडवाना/लोकमत।** शहर स्थित बांगड़ राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। शिविर के पूर्वाहन सत्र में स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया। अपराह्न में बौद्धिक सत्र को मुख्यवक्ता राजकीय बांगड महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ. सी.पी गौड़ ने संबोधित किया, उन्होने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की महता समझाते हुए कहा कि बिना किसी अपेक्षा या लाभ के जो कार्य किया जाता है, वे सेवा के अन्तर्गत आते है। शिविर को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. जहाँगीर रहमान कुरैशी ने बताया कि स्वयंसेवकों को श्रमदान के साथ-साथ शिविर में होने वाली प्रत्येक गतिविधि में भाग लेकर अपने व्यक्तित्व में निखार लाना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक प्रो. चेनाराम मुंदलिया ने स्वयंसेवकों को गोद ली हुई बस्तियों में साक्षरता, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए काम करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. अरूण व्यास ने पूर्व स्वयंसेवकों का उदाहरण देते हुए बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसा मंच है, जिसमें रहकर कार्य करते हुए विद्यार्थी अपना चहुँमुखी विकास कर सकता है। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर चेनाराम महला ने सात दिवसीय शिविर के उद्देश्य एवं गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर भंवरलाल डूडी ने किया, डॉ. मगनलाल ढाका ने आभार व्यक्त किया।

Scanned with CamScanner

राजस्थान पत्रिका | 07
patrika.com
नागौर, शनिवार, 03 अक्टूबर, 2020

# नो मास्क नो एंट्री दिवस कार्यक्रम का आयोजन



डीडवाना. रैली निकालते महाविद्यालय परिवार के सदस्य।

डीडवाना. शहर के बांगड़ राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में गांधी जयंती को नो मास्क नो एंट्री दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सीएस डोटासरा, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. जहांगीर रहमान कुरैशी, डॉ. अरूण व्यास, एनएसएस जिला समन्वयक प्रोफेसर सीआर मुन्दलिया ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर प्रोफेसर चेनाराम महला ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जन जागरण पखवाड़े के तहत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। प्रोफेसर डोटासरा ने अपने विचार व्यक्त किए। एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निकाली। इस मौके पर एनसीसी प्रभारी प्रोफेसर अविनाश अग्रवाल, एनएसएस प्रभारी डॉ. मगनलाल, प्रोफेसर विनिता मिर्धा, डॉ. मनीषा गोदारा, डॉ. इरशाद अली सहित अन्य मौजूद रहे।



डीडवाना। जागरुकता रैली निकालते बांगड़ महाविद्यालय के एनसीसी व एनएसएस स्वयंसेवक। -कृष्णमुरारी सर्राफ

नागौर
अजमेर, शनिवार, 3 अक्टूबर, 2020

# स्वयंसेवकों ने निकाली जागरुकता रैली

## गांधी जयन्ती नो मास्क नो एन्ट्री दिवस के रूप में मनाई

न्यूज सर्विस/नवज्योति, डीडवाना

जिले के सबसे बड़े राजकीय बांगड़ महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में गांधी जयन्ती को नो मास्क नो एन्ट्री दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर प्रो.सी.एस.डोटासरा, वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ.जहांगीर रहमान कुरैशी, डॉ.अरूण व्यास, एनएसएस जिला समन्वयक प्रो.सीआर मुंदलिया ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम संयोजक प्रो.चेनाराम महला ने कोरोना महामरी से बचाव हेतु कारगर उपाय के रूप में मास्क की अनिवार्यता के बारे में बताया। इसके बाद एनसीसी व एनएसएस के स्वयंसेवकों ने जागरुकता रैली निकाली और दुकानदारों एवं बस में बैठी सवारियों को मास्क लगाने का आग्रह किया। साथ ही दुकानों व बसों पर नो मास्क नो एन्ट्री के स्टीकर लगाए गए। इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी अविनाश अग्रवाल, डॉ.मगनलाल, विनिता मिर्धा, मनीषा गोदारा, इरशाद अली, अनिल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

## अंहिसा के पुजारी थे गांधीजी

डीडवाना। भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिवस पंचायत समिति भवन में मनाया गया।

इस मौके पर नागौर देहात के पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश मोदी ने महात्मा गांधी के जीवन के बारे में बताया। मुख्य वक्ता पूर्व पालिकाध्यक्ष सुरेशचंद्र वर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी सदैव अहिंसा के पुजारी रहे। उन्होंने जीवन पर्यंत सत्य का साथ दिया तथा स्वतंत्रता आंदोलन में मुख्य रूप से अग्रणी भूमिका में नेतृत्व कर देश को आजादी दिलाने में सहयोग किया। इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री महावीर औझा, पवन, पार्षद राकेश जांगिड़, पार्षद गोपाल गढ़वाल, महामंत्री सुभाष औझा, विजय भार्गव, रेवंत सिंह, लतीफभाटी, पिंटू कुमावत, सुरेश भार्गव सहित अन्य मौजूद रहे।

Scanned with CamScanner

Anant Cyd

Date
Page

30 जनवरी 2021
राज. पत्रिका पेज.नं. 13

## सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन

**डीडवाना**. बांगड़ महाविद्यालय में एन.सी.सी., एन.एस.एस., आई.क्यू.ए.सी., रोवर्स के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता थाना प्रभारी नरेन्द्र जाखड़ ने उपस्थितों को यातायात नियमों की जानकारी दी। नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रो.सी.एस. डोटासरा ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ.जहांगीर रहमान कुरैशी ने पुलिस विभाग की विद्यार्थियों से संवाद की पहल का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी चेनाराम महला ने आभार ज्ञापित किया। इस मौके पर डॉ. इरशाद अली खान, प्रो. हबीब खान, डॉ. मनीषा गोदारा, डॉ. रेखा वर्मा, डॉ. अजय शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आई.क्यू.ए.सी. प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. अरूण व्यास ने किया।

Scanned with CamScanner